वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 25.05.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला –दि0 25.05.2026

3 टाउनशिप के लिए 1700 करोड़ देगा वीडीए

वाराणसी। शहर की तीन टाउनशिप के लिए वीडीए की ओर से 1700 करोड़ रुपये के प्रतिकर वितरण की कार्यवाही चल रही है। मढ़नी, गंजारी और कल्लीपुर टाउनशिप योजनाओं के तहत प्रतिकर राशि वितरित की जा रही है। इससे संबंधित क्षेत्रों का बेहतर विकास होगा। नई टाउनशिप परियोजनाओं के माध्यम से भूमि मूल्य के बेहतर मौद्रीकरण के कारण वास्तविक आय प्रस्तावित आंकड़ों से अधिक रहने की प्रबल संभावना है। वाराणसी में तेजी से हो रहे शहरी विस्तार, नई आवासीय टाउनशिप, संस्थागत विकास और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बताया कि टाउनशिप के लिए प्रतिकर वितरण की कार्रवाई चल रही है। वीडीए का क्षेत्रफल पहले 793 वर्ग किलोमीटर था, जिसमें महापालिका क्षेत्र सहित 635 गांव शामिल थे। ब्यूरो